an>

title: Madam Speaker felicitated sportspersons for winning different sports events of international standards. Madam Speaker also felicitated scientists of ISRO for successfully testing two indigenous scremjet engines at the space centre at Sriharikota, Andhra Pradesh on 28 August, 2016 and successful launch of advanced weather satellite INSAT 3DR on board GSLV F05 from Sriharikota on 8 September, 2016.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, यह सभा रियो डि जेनेरो, ब्राज़ील में 5 से 21 अगस्त, 2016 तक आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में रजत पदक जीतने के लिए सुश्री पी.वी.सिंधू को और कांस्य पदक जीतने के लिए सुश्री साक्षी मलिक को बधाई देती है।

यह सभा रियो डि जेनेरो, ब्राज़ील में 7 से 18 सितम्बर, 2016 तक आयोजित ग्रीÂष्मकालीन पैरालिम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लिए सर्वश्री मरियप्पन थांगावेलू और देवेन्द्र झाझरिया को, रजत पदक जीतने के लिए सुश्री दीपा मलिक को और कांस्य पदक जीतने के लिए श्री वरुण सिंह भाटी को भी बधाई देती है।

माननीय सदस्यगण, अहमदाबाद में 22 अक्तूबर, 2016 को आयोजित कबड्डी विश्व कप, 2016 के फाइनल मुकाबले में ईरान को हराकर भारत कबड्डी में विश्व विजेता बना। हमारी पुरुÂष हॉकी टीम ने कुआंतन, मलेशिया में 23 अक्तूबर, 2016 को आयोजित एशियाई चैंम्पियन्स ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले मे पाकिस्तान को हराकर प्रतियोगिता जीती। हमारी महिला हॉकी टीम भी सिंगापुर में 5 नवंबर, 2016 को आयोजित एशियाई चैंम्पियन्स ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में चीन को हराकर प्रतियोगिता की विजेता बनी।

माननीय सदस्यगण, 11 नवंबर, 2016 को भी 8 वर्षीय तजामुल इस्लाम ने इटली के आंद्रिया में विश्व किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह सभा इन सभी खिलाड़ियों को उनकी उत्कृÂष्ट उपलब्धि पर बधाई देती है।

ये उपलब्धियाँ राष्ट्रीय गौरव का विषय हैं और हमारे सभी खिलाड़ियों, विशेÂषकर उभरते हुए युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।

माननीय सदस्यगण, हमारे देश ने 28 अगस्त, 2016 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केन्द्र से दो स्वदेशी स्क्रैमजेट इंजनों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। यह टैक्नोलॉजी, रॉकेटों के वजन को आधे से भी अधिक कम करके उनके प्रक्षेपण की लागत में कमी लाती है। 8 सितम्बर, 2016 को हमारे देश ने श्रीहरिकोटा से GSLV F05 द्वारा एक उन्नत जलवायु उपग्रह INSAT 3DR का भी सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।

इसके साथ ही, हमारे देश ने एक बार फिर अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े प्रयासों में अपनी कुशलता और क्षमता का प्रदर्शन किया है। हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि ने हमें गौरवान्वित किया है।

यह सभा इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइज़ेशन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई देती है और उनके भावी प्रयासों में सफलता की कामना करती है।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : मैडम।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : खड़गे जी, बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : मैडम, कल जो हमने मुद्दा उठाया था, खासकर रूल-56 में एडजर्नमेंट मोशन हमने आज भी दिया है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं एडजर्नमेंट मोशन को देख लूंगी।

â€¦(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : वह इम्पोर्टेन्ट है।...(व्यवधान) उस एडजर्नमेंट मोशन को आप सम्मति दें, ताकि डिस्कशन चले।...(व्यवधान) सभी पार्टियों के नेतागण यह चाहते हैं, पूरा सदन चाहता है कि जो गरीबों को तक़लीफ हो रही है, जो मज़दूरों को तक़लीफ हो रही है, जो डेली वेज अर्नर्स को तक़लीफ हो रही है, जो शॉपकीपर्स को तक़लीफ हो रही है, जो कॉफी प्लांटर्स को तक़लीफ हो रही है...(व्यवधान)

11.06 hours

(*At this stage, Shri Kodikunnil Suresh and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार): सभाध्यक्षा जी, जो खड़गे साहब बार-बार, और खड़गे साहब के साथ बाकी लोग, एडजर्नमेंट मोशन की बात बोल रहे हैं, मैं इतना ही निवेदन करना चाहूंगा कि भारत सरकार इस नोटबंदी के बारे में डिस्कशन करने के लिए तैयार है।...(व्यवधान) पूरे देश की जनता मोदी जी के साथ है, नोटबंदी के साथ है, ब्लैक मनी को, बैड मनी को, ट्रेल मनी को खत्म करना चाहती है।...(व्यवधान)